





## एक नजर में

### नि :शुल्क नेत्र शिविर में 55 लोगों की जांच



**बड़ौद।** जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप एवं मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के संयुक्त तत्वावधान में नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन महावीर जैन विद्या मंदिर बड़ौद में रखा गया। जिसमें की लगभग 55 मरीज ने अपना नेत्र परीक्षण करवाया और 15 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयनित कर मक्सी ले जाया गया। डॉ। विजय पटेल, प्रदीप भावसार, योगेश विश्वकर्मा, दीपक मालवीय और ग्रुप के राजेंद्र जैन, संतोष दादा भाई, पंकज पिछोलिया, प्रकाश चोरड़िया, हेमंत तर्वेचा, प्रकाश नाहर, दिलीप तलेरा, हेमंत तलवेचा, प्रकाश तलेरा, रोहित कुंडल, रोहन कुंडल अपनी सेवाएं प्रदान की ऑपरेशन हेतु चयनित मरीजों को लाने ले जाने एवं ऑपरेशन की सारी व्यवस्थाएं नि :शुल्क प्रदान की जाएगी।

### होटलों से 6 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त



**बड़ौद।** राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा बड़ौद क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट्स से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संयुक्त जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी एमएल मालवीय, नायब तहसीलदार बड़ौद चंद्रशेखर परमार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एनएस मूवेल तथा पटवारी परमानंद त्यागी शामिल रहे। जांच के दौरान बस स्टैंड बड़ौद स्थित नियाज़ी होटल से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, अंबिका होटल से एक सिलेंडर तथा गांधी चौक स्थित श्याम रेस्टोरेंट से दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। सभी सिलेंडर भारत गैस कंपनी के घरेलू कनेक्शन के पाए गए, जिनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही वंदना भारत गैस एजेंसी की भी जांच की गई, जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई।

### अमृत सरोवर-खेत तालाब निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**शाजापुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत शाजापुर की ग्राम पंचायत सुंदरसी में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अनुपमा चौहान ने अमृत सरोवर एवं खेत तालाब निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत को शासन के निर्धारित मापदंड अनुसार उक्त निर्माण कार्य एक माह में गुणवत्तापूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी नितेश यादव, सहायक यंत्री रामलखन बैरवा, उपयंत्री आशीष पांडला, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जिलाधिकारियों ने की सहभागिता



**शाजापुर।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना के निर्देश पर जिले के सभी अधिकारियों ने आवंटित शालाओं में जाकर बच्चों से भेंट करते हुए अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को भविष्य के करियर विकल्पों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास करना, इसके साथ ही विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें अपने अनुभवों एवं उपलब्धियों से भी अवगत करवाया गया। बच्चों को प्रेरक कहानी आदि भी सुनाई गई। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान द्वारा सांदीपनि विद्यालय सुंदरसी, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले द्वारा शाउमावि दुपाड़ा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे द्वारा शा।हाईस्कूल झोंकर, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शिप्रे द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर सहित अन्य जिलाधिकारियों द्वारा आवंटित शालाओं में जाकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इसी क्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र शाजापुर से बीएसी प्रमोद गुप्ता एवं बीएसी सुनील विश्वकर्मा द्वारा भी एकीकृत शाला शामावि भीलवाड़िया, शाबामावि सुनेरा, शाकमावि सुनेरा एवं शाबाप्रावि सुनेरा शालाओं का अवलोकन करते हुए सभी शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए बच्चों को प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

### बाल विवाह नहीं करने की समझाइश दी

**शाजापुर।** कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास और पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने शाजापुर के कुम्हारवाड़ा वार्ड नंबर 15 महादेव घाट में बाल विवाह की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर दल द्वारा परिवारजनों को बाल विवाह नहीं करने की समझाईश दी एवं परिवार से विवाह नहीं करने की सहमति भी ली गई। उल्लेखनीय है कि उक्त परिवार द्वारा आगामी 7 अप्रैल को विवाह किया जाना था।

# मंदिरों की जमीनों पर अब नहीं कर सकेंगे कब्जा

## शासकीय बोर्ड लगेंगे, कलेक्टर ने जारी किए सख्त आदेश, एसडीएम, तहसीलदार निरीक्षण कर देंगे रिपोर्ट

**शाजापुर। जिले में देवस्थान संपत्तियों की सुरक्षा एवं अतिक्रमण पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। कलेक्टर ऋजु बाफ्ना द्वारा जारी आदेश में जिले के सभी माफी औकाफ देवस्थानों की भूमि एवं भवनों पर अनिवार्य रूप से शासकीय सूचना पट्ट बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।**

कलेक्टर द्वारा 26 मार्च 2026 को जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को जारी किए आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया कि यह आदेश आयुक्त, औकाफ शाखा ग्वालियर के आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है। आदेश के अनुसार प्रत्येक देवस्थान पर लगाए जाने वाले बोर्ड में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा कि संबंधित देवस्थान मध्यप्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, औकाफ बोर्ड ग्वालियर द्वारा नियंत्रित है तथा उसका प्रबंधन कलेक्टर द्वारा किया जा रहा है।

कलेक्टर ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे अपने अपने क्षेत्र में स्थित देवस्थानों का स्थल निरीक्षण कर निर्धारित प्रारूप में बोर्ड स्थापित कराना सुनिश्चित करें तथा कार्यवाही का प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।




### प्रबंधक कलेक्टर जिला शाजापुर लिखना होगा अनिवार्य

जारी आदेश में यह बताया गया कि सभी माफी औकाफ के देवस्थान भवनों, भूमि पर लगाए जाने वाले बोर्ड पर इस तरह का विवरण अंकित किया जाना अनिवार्य है।मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग औकाफ बोर्ड ग्वालियर द्वारा नियंत्रित देवस्थान, इसके नीचे देव स्थान का नाम एवं इसके नीचे प्रबंधक कलेक्टर जिला शाजापुर मध्यप्रदेश लिखना अनिवार्य किया गया है।

### देवस्थान संपत्तियों की पहचान होगी आसान

कई मामलों में मंदिरों की संपत्तियां, भवन एवं कृषि भूमि पर अवैध कब्जे कर लिए जाते हैं। कुछ स्थानों पर पुजारी अथवा उनके वारिस इन संपत्तियों को निजी संपति बताने लगते हैं। ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए यह आदेश महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासन का मत है कि इस निर्णय से देवस्थान संपत्तियों की स्पष्ट पहचान स्थापित होगी और अवैध कब्जों पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। आदेश के बाद प्रशासनिक अमले में सक्रियता बढ़ गई है और जल्द ही जिलेभर में देवस्थानों पर शासकीय बोर्ड नजर आने लगेंगे।

## फंदे पर लटका मिला पेट्रोल पंप मैनेजर का शव

### सीसीटीवी फुटेज की मांग पर अड़े रहे परिजन

**शाजापुर। पोलायकलां सुंदरसी रोड पर इंडियन पेट्रोल पंप के मैनेजर धर्मेंद्र बामनिया 35 का शव फंदे पर झूलता मिला। यह घटना रविवार सुबह सामने आईए जब कर्मचारियों ने उन्हें पंप के पास बने कमरे में फंदे से लटका पाया।**

जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पिता गंगाराम बामनिया निवासी खड़ी का शव पेट्रोल पंप के पास बने कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे झूलता मिला। सुबह जब कर्मचारी पेट्रोल पंप पर पहुंचे तो उन्होंने कमरे के अंदर धर्मेंद्र का शव पंखे से लटका देखा। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना पोलायकलां चौकी पर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को फंदे से उतारा, इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**पुलिस ने परिजन को दिया कार्रवाई का आश्वासन**

धर्मेंद्र के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन सीसीटीवी फुटेज चेक करने की मांग पर अड़े रहे, उनका कहना है कि जब तक सीसीटीवी फुटेज नहीं देखेंगे तब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करने देंगे। पुलिस परिजनों को समझाने की कोशिश की और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, इसके बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में आग, लाखों का नुकसान

### शुजालपुर मंडी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बडा हादसा टला, नागरिकों व फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**शुजालपुर। शहर के उपाध्याय मार्ग स्थित टेम्पो चौराहे के पास एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में रविवार सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। आगजनी की इस घटना में दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया, जिससे व्यापारी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ।**



जानकारी अनुसार उपाध्याय मार्ग पर स्थित कृषि उपकरण व इलेक्ट्रानिक्स की दुकान रवि इंटरप्राइजेस से रविवार की सुबह धुआं निकलता देखा, उस समय दुकान की शटर लगी हुई थी और अंदर से धुआं निकलता हुआ देख आसपास के रहवासियों को आशंका हुई, पडोस में रहने वाले व्यक्ति ने इसकी जानकारी दुकान संचालक दर्शन शाह को दी, जिस पर दुकानदार मौके पर पहुंचे तो दुकान के अंदर आग लगी हुई थी और धुआं निकल रहा था। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी में दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक्स सामान एवं जरूरी दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। इस दुकान में काफी मात्रा में प्लास्टिक का सामान भी था, समय पर आगजनी पर काबू पाने से आसपास आग फैलने से बच गई, प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में करीब 7 से 8 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस ने दुकान संचालक की सूचना पर मामला दर्ज किया।

### बिजली कंपनी आज भी करेगी मेंटेनेंस, 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**शाजापुर।** नगर में सोमवार को प्री मानसून मेंटेनेंस की वजह से बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। 33/11 केवी मुरादपुरा उपकेंद्र से संचालित होने वाला 11 केवी नई सड़क फीडर सुबह 7 बजे से 11 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। इनमें छोटा चौक, बड़ा चौक, सराफा बाजार, तेलीवाड़ा, कुरैशी मोहल्ला, पोरवाल धर्मशाला, कसेरा बाजार, मनिहारवाड़ी, शरद नगर, नई सड़क, नीलम लाज, सोमवारिया बाजार, भोईवाड़ा, मीरकला बाजार, भंसाली मोहल्ला, नीमवाड़ी और भट्ट मोहल्ला शामिल हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं से इस अस्थायी असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित समय में अपने आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें, विभाग ने इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

## वैचारिक ऊर्जा से परिपूर्ण हुआ प्रशिक्षण अभियान

### संगठन सुदृढ़ीकरण का सशक्त मंच बना दो दिवसीय अभ्यास वर्ग

**शुजालपुर। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा द्वारा भीलखेड़ी रोड स्थित कान्हा का वृंदावन गार्डन में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल आठ सत्र आयोजित हुए, जिनमें विभिन्न विषयों पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त किया।**




प्रथम सत्र में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने श्वैचारिक अधिष्ठान विषय पर मार्गदर्शन देते हुए संगठन की आत्मा उसकी विचारधारा को बताया तथा एकात्म मानववाद को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता एडवोकेट हेमंत सक्सेना ने की। द्वितीय सत्र में उमेश टेलर ने भाजपा के इतिहास को संघर्ष और सिद्धांतों की यात्रा बताते हुए कार्यकर्ताओं में गौरव का भाव जागृत किया। तृतीय सत्र में कृपाल सिंह मेवाड़ा ने श्कार्य विस्तार को संगठन की प्राणशक्ति बताते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। चतुर्थ सत्र में भगवत सिंह राजपूत ने सोशल मीडिया और नमो ऐप को आधुनिक राजनीति का प्रभावी माध्यम बताते हुए तकनीकी दक्षता पर बल दिया। पंचम सत्र में हेमराज सिंह सिसोदिया ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बताई, जबकि षष्ठम सत्र में अशोक नायक ने संगठनात्मक अनुशासन और निरंतर सक्रियता को सफलता का मूल मंत्र बताया। प्रथम दिवस के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने गीत, भजन एवं नृत्य प्रस्तुत कर उत्साह का प्रदर्शन किया, दूसरे दिन की शुरुआत योग एवं प्रार्थना से हुई, जिसमें योग शिक्षक जेपी परमार ने योगाभ्यास कराया। सातवें सत्र में अशोक कवीश्वर ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात के जरिए जनसंवाद को मजबूत करने पर जोर दिया। अंतिम सत्र में विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कार्य पद्धति एवं कार्यकर्ता प्रबंधन पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। समापन सत्र में जिला महामंत्री विजय सिंह बैस ने प्रशिक्षण का सार प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, संचालन किशोर खन्ना व आभार गौतम परमार ने माना। इस अवसर पर योगेश शिवहरे, अमित भैरवे, अभिनंदन जैन, धर्मेंद्र परमार, सुनील जैन, दीपक मीणा, मधु मंडलोई, कृष्णा पाठक, संगीता आर्य एवं अंजु खत्री सहित विभिन्न पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

## पचोर रोड पर ओवर लोड ऑटो की वजह से हादसा

**शुजालपुर। पचोर शुजालपुर मार्ग पर रविवार की दोपहर को दो बाइक की भिड़त हो गई, इस दुर्घटना में बाइक पर सवार भाई व बहन घायल हो गए, जिन्हे राहगिर ने ऑटों से उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया।**



जानकारी अनुसार हेमराज वर्मा निवासी बरनावद एवं बहन चंदा वर्मा बाइक से जा रहे थे इसी दरमियान पचोर रोड पर निर्माणाधीन बायपास के समीप बाइक एक ऑटो के बाहर लटक रही बोरियों से टकरा गई, जिससे बाइक चालक अपना संतुलन खो बैठा और दूसरी बाइक से टकरा गया। इस दुर्घटना में हेमराज को गंभीर चोटे आई जिसे सिविल अस्पताल शुजालपुर उपचार के लिए लाया गया।

## 14 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस मिला

**शाजापुर। शासन द्वारा प्रदेश में उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता समयबद्धता एवं सुगमतापूर्वक प्रदान करने के लिए ई विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान प्रणाली प्रारंभ की गई है। शासन द्वारा 1 अप्रैल से जिले में शतप्रतिशत उर्वरक वितरण ई विकास प्रणाली के माध्यम से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।**

किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक आरएल जामरे ने 1 अप्रैल एवं 2 अप्रैल को जिले में 14 निजी उर्वरक विक्रेता जिनमें मेसर्स जय बाबारी कृषि सेवा केन्द्र मो।बडोदिया, सिंगाजी कृषि फार्म सिमरोल शु, जामलिया ट्रेडर्स मोहना, श्री सांवरिया किसान बाजार मो।बडोदिया, न्यू अमर कृषि सेवा केन्द्र शाजापुर, ईफको ई बाजार शाजापुर, जागृति खाद भंडार गुलाना, राज एग्रो खाद बीज भण्डार शुजालपुर, जय मां शेरावाली ट्रेडर्स कालापीपल, कनिष्का एग्रो इन्टरप्राईजेस मो। बडोदिया, देव कृपा कृषि सेवा केन्द्र कालापीपल, शिव कृपा ट्रेडर्स शाजापुर, सार्थक कृषि सेवा केन्द्र शाजापुर एवं फर्टिलाईजर जंक्शन शुजालपुर को ई विकास प्रणाली का पालन नहीं कर उर्वरक वितरण करने एवं शासन के निर्देशो की अवहेलना करने तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानो का उल्लंघन करने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किए गए हैं संबंधितो को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## एक नजर में

### युवाओं का उत्साह इतना ज्यादा रहा कि लक्ष्य से भी ज्यादा किया रक्तदान

## करणी सेना ने रक्तदान कर मप्र संगठन मंत्री का मनाया जन्मदिन

**शाजापुर। करणी सेना परिवार द्वारा प्रदेश संगठन मंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर लगाकर सराहनीय कार्य किया गया। रक्तदान को लेकर इतना उत्साह रहा कि जितना रक्त दान करने का लक्ष्य रखा गया उससे कहीं ज्यादा रक्तदान किया गया। दरअसल, करणी सेना परिवार के प्रदेश संगठन मंत्री अजीतसिंह खड़ी डोडिया का जन्मदिन इस वर्ष भी समाज सेवा के रूप में मनाया गया। रविवार को उनके जन्मदिन के अवसर पर करणी सेना परिवार तथा सर्वसमाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया।**




शाजापुर जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम का पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने फीता काटकर शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक श्री राजपूत ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे देशभक्ति बताया और कहा कि रक्तदान महादान होता है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, पत्रकार मनोज पुरोहित, करणी सेना प्रदेश विधि सलाहकार शिवपालसिंह चौहान, मोहित व्यास, संदीप प्रजापति, अभिषेक शर्मा, मोहित राठौर, करणी सेना जिलाध्यक्ष सोनू बना सांपखेड़ा, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी श्रीमति डॉ।कमला आर्य। सिविल सर्जन डॉक्टर बीएस मैना, आरएमओ डॉ। गोविंद पाटीदार, डॉ। तेजपालसिंह जादौन एवं ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ। एसडी जायसवाल, ब्लड बैंक काउंसलर डॉ। उदयसिंह राजपूत सहित गणमान्य एवं जिला अस्पताल टीम के सदस्यगण उपस्थित थे।

### पिछले साल से भी ज्यादा किया रक्तदान

करणी सेना के कार्यकर्ताओं और युवाओं ने इस आयोजन में बढ़चढ़कर भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम को लेकर करणी सेना संगठन में उत्साह का माहौल देखा गया। करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री अजीतसिंह खड़ी डोडिया ने अपने जन्म दिवस को निरंतर 5 वर्षों तक रक्तदान कर जरूरतमदों की मदद करते हुए मनाने का संकल्प ले रखा हैं, 5 वर्षों तक बढ़ते क्रम में लक्ष्य रखकर रक्तदान के अंतर्गत बीते वर्ष में 101 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य था और 117 यूनिट रक्तदान किया गया था। वर्तमान वर्ष में बढ़ते क्रम में 105 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया और कुल 121 यूनिट रक्तदान किया। सैकड़ों शेष रह गए युवाओं ने ब्लड बैंक के संसाधनों की फुल व्यवस्थाओं को देखते हुए भविष्य में रक्तदान का संकल्प लिया।

### एक माह से लापता युवक, गुमशुदगी दर्ज

**शाजापुर।** सलसलाई थाना अंतर्गत ग्राम बाड़ीगांव से 35 वर्षीय युवक एक महीने से घर से लापता है। परिजनों की शिकायत पर रविवार को पुलिस ने औपचारिक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सतीश राजपूत 5 मार्च 2026 को शाम करीब 4 बजे अपनी बाइक लेकर घर से निकला था। गुमशुदा युवक सतीश के पिता सजन सिंह राजपूत ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आसपास के गांवों, नाते रिश्तेदारों और भोपाल स्थित अपने दूसरे मकान पर भी पता लगाया, लेकिन सतीश का कहीं कोई पता नहीं चला। परिवार सतीश के लापता होने के बाद से चिंतित हैं। थाना प्रभारी जनकसिंह रावत ने बताया कि सतीश राजपूत के पिता ने एक महीने बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सतीश अपना मोबाइल घर पर छोड़कर गया था और उसने भोपाल जाने की बात कही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।